वार्षिक प्रतिवेदन

(वर्ष 2022-23)

युवा शक्ति समिति, इंदौर

‘युवा शक्ति समिति’ इंदौर विगत 18 वर्षों से समाज कार्य एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्य रही है. समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में निम्न कार्य किये गए-

1. तीर्थ दर्शन यात्रा

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग

‘युवा शक्ति समिति’ इंदौर द्वारा हिन्दू धर्म, संस्कृति, परंपरा एवं रीति रिवाज व सनातन धर्म के संरक्षण के उद्देश्य से तीर्थ दर्शन यात्रा का आयोजन किया जाता है. इसी क्रम में ‘युवा शक्ति समिति’ इंदौर द्वारा दिनांक 1 फ़रवरी 2023 को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की यात्रा का आयोजन किया गया. इस तीर्थ यात्रा में समिति के अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों के साथ 50 महिलाओं एवं 10 पुरुषों सहित कुल 60 नागरिक शामिल हुए.

महेश्वर एवं जानापाव

‘युवा शक्ति समिति’ इंदौर द्वारा तीर्थ दर्शन के क्रम में दूसरी तीर्थ दर्शन यात्रा दिनांक 1 मार्च 2023 को महेश्वर एवं जानापाव हेतु आयोजन की गयी. इस तीर्थ यात्रा में समिति के अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों के साथ 55 महिलाओं एवं 8 पुरुषों सहित कुल 63 नागरिक शामिल हुए.

2. रंगोली एवं चित्रकारी प्रतियोगिता

‘युवा शक्ति समिति’ इंदौर द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यों की ओर आकर्षित करने एवं भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली एवं चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 12 फ़रवरी 2023 किया गया. समिति द्वारा आयोजित

रंगोली एवं चित्रकारी प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन व उनके द्वारा की गयी भागीदारी हेतु प्रोत्साहन स्वरुप प्रमाण पत्र वितरित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की, जिसमें रंगोली में 33 महिलाओं एवं चित्रकारी में 100 बच्चों ने भाग लिया.

3. <u>फाग उत्सव एवं भारत माता की आरती</u>

'युवा शक्ति समिति' इंदौर द्वारा समुदाय में भारतीय त्यौहार, संस्कृति एवं देश भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 22 मार्च 2023 को का आयोजन संगीत कला अकादमी में किया गया.

जिसमें 521 महिलाओं द्वारा भारत माता की आरती की गयी. कार्यक्रम में भागीदारी हेतु 460 परिवारों का समिति द्वारा पंजीयन किया गया था. पंजीकृत महिला-पुरुष व बच्चों, समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं सहित कुल 1800 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भागीदारी की.

4. <u>कन्या पूजन</u>

'युवा शक्ति समिति' इंदौर द्वारा नारी शक्ति के सम्मान एवं बेटी बचाओ का सन्देश देने के उद्देश्य से दिनांक 30 मार्च 2023 को रामनवमी के अवसर पर कन्यापूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें 201 बालिकाओं के पूजन का लक्ष्य रखा गया. समिति द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुई 201 बालिकाओं का कन्या पूजन कर उन्हें भोजन करवाया गया और उपहार वितरित किये गए.

5. <u>गायत्री परिवार का स्वागत एवं भजन संध्या</u>

'युवा शक्ति समिति' इंदौर द्वारा गायत्री परिवार द्वारा निकली गयी यात्रा का के स्वागत हेतु कार्यक्रम का

आयोजन किया गया, जिसमें यात्रा के स्वागत के साथ ही भजन संध्या का आयोजन किया गया.

6. चमड़े के खिलौने निर्माण का प्रशिक्षण

गरीब और असहाय महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 'युवा शक्ति समिति' द्वारा इंदौर में 3 माह का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें 30 महिलाओं को चमड़े के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में खिलौने के निर्माण के साथ ही उसकी पैकिंग, विक्रय व स्वरोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया.

7. खेलकूद कार्यक्रम

'युवा शक्ति समिति' द्वारा बच्चों एवं युवाओं में खेल भावना विकसित करने व उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को शतरंज, कैरम, लूडो, कबड्डी व बेसबॉल जैसे खेल खिलाए गए और खेल कूद का महत्व समझाया गया. सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रमाण पत्र व उपहार वितरित किये गए.

8. वृक्षारोपण कार्यक्रम

'युवा शक्ति समिति' द्वारा पर्यावरण की रक्षा का सन्देश देने एवं समुदाय को पर्यावरण को सुरक्षित बनाये रखने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों सहित युवा महिला-पुरुषों द्वारा भागीदारी की गयी. वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कीम नं. 78 के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 150 फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाये गए.

9. राष्ट्रीय पर्व एवं महापुरुषों की जयंती

'युवा शक्ति समिति' द्वारा अपने उद्देश्यों को सार्थक करते हुए जन समुदाय में देशभक्ति व भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्वों एवं महापुरुषों की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है. इस वर्ष भी समिति द्वारा गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा वंदन कर तिरंगा यात्रा निकाली गयी.

महापुरुषों के जन्मदिवस गाँधी जयंती, आंबेडकर जयंती, स्वामी विवेकानंद जयंती आदि अवसर पर महपुरुषों का जीवन परिचय, संवाद, परिचर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.